**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 498**

**जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2024 को दिया जाना है।**

**.....**

**अटल भूजल योजना**

**498. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**
**श्री श्रीभरत मथुकुमिल्लि:**
**श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अटल भूजल योजना (अटल जल) के अंतर्गत परियोजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है तथा विगत पांच वर्षों के दौरान नियोजित, कार्यरत तथा पूर्ण की गई प्रमुख परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान अटल भूजल योजना (अटल जल) के अंतर्गत प्रत्येक राज्य को वर्ष-वार आवंटित, वितरित तथा उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या मंत्रालय का राज्य की महत्वपूर्ण भूजल चुनौतियों को देखते हुए अगले चरणों में अटल भूजल योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश को शामिल करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री राज भूषण चौधरी)**

**(क):** भारत सरकार दिनांक 01.04.2020 से 5 वर्षों की अवधि के लिए 7 राज्यों अर्थात हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 80 जिलों में 229 प्रशासनिक ब्लॉकों/तालुकों की 8,203 जल की कमी वाली ग्राम पंचायतों (जीपी) में एक केंद्रीय क्षेत्र योजना का 6,000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ अटल भूजल योजना, का कार्यान्वयन कर रही है।

यह योजना भूजल विकास से भूजल प्रबंधन तक एक आमूल-चूल परिवर्तन का प्रतीक है। इस योजना की मुख्य विशेषताओं में, समुदाय आधारित मॉनीटरिंग और भूजल डेटा साझा करना, आयोजना, क्षमता निर्माण और केंद्रित सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियां शामिल

हैं। भूजल के संरक्षण के लिए सूक्ष्म सिंचाई, फसल विविधीकरण, पाइपलाइनों के उपयोग आदि जैसे मांग पक्ष के कार्यकलापों पर ध्यान केंद्रित करने वाली यह पहली योजना है। इन ग्राम पंचायत-वार जल सुरक्षा योजनाओं में (डब्ल्यूएसपी) जिनमें जल बजट और सूक्ष्म सिंचाई, फसल विविधीकरण, पाइपलाइनों का उपयोग आदि जैसे प्रस्तावित मांग पक्ष के कार्यकलापों और चेक बांधों, फार्म तालाबों, पुनर्भरण शाफ्ट और अन्य कृत्रिम पुनर्भरण/जल संरक्षण संरचनाओं जैसे आपूर्ति पक्ष के कार्यकलापों के बारे में विवरण रहता है, जो कि चल रही स्कीमों के अभिसरण के माध्यम से तैयार और निष्पादित की जाती हैं।

अटल जल के तहत पूर्ण/चल रही प्रमुख गतिविधियां इस प्रकार हैं:

i. सात भागीदार राज्यों में 155 जिला कार्यान्वयन भागीदारों (डीआईपी) द्वारा समर्थित राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (एनपीएमयू), 7 राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (एसपीएमयू) और 80 जिला परियोजना प्रबंधन इकाइयों (डीपीएमयू) की स्थापना कराई जाती है।

ii. ग्राम पंचायत स्तर पर जल मॉनीटरिंग तंत्र को मजबूत करने के लिए ग्राम पंचायत के पास पीजोमीटर, डिजिटल वाटर लेवल रिकॉर्डर (डीडब्ल्यूएलआर), रेन गेज, वाटर लेवल इंडिकेटर/साउंडर्स, फील्ड टेस्टिंग किट और वाटर फ्लो मीटर (डब्ल्यूएफएम) जैसे आधारभूत उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं।

iii. अब तक 46 राज्य स्तरीय, 361 जिला स्तरीय, 994 ब्लॉक स्तर और 83258 ग्राम पंचायत स्तर के प्रशिक्षण आयोजित किए गए हैं।

iv. नुक्कड़ नाटक, अटल जल रथ, पत्रक/ब्रोशर और पैम्फलेट के वितरण, रेडियो जिंगल के माध्यम से ऑडियो प्रचार, वॉल पेंटिंग, डोर टू डोर अभियान, कला जत्था, डाक्यूमेन्ट्री तैयार करना आदि सहित आईईसी गतिविधियों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता और संवेदीकरण कार्य करना। अंतर-राज्यीय फील्ड दौरों के माध्यम से क्रॉस लर्निंग आयोजित की गई है।

v. प्रकाशन के विभिन्न माध्यमों अर्थात् केन्द्रीय/राज्य वेब पोर्टल, प्रत्येक ग्राम पंचायत में डिस्प्ले बोर्ड, सोशल मीडिया, वॉल पेंटिंग, पैम्फलेट/ब्रोशर का वितरण, सार्वजनिक बैठकें और अटल जल मोबाइल एप्लिकेशन से सभी अटल जल ग्राम पंचायतों में डेटा का सार्वजनिक प्रकटीकरण।

vi. सभी अटल जल ग्राम पंचायतों के लिए जल बजट और समुदाय के नेतृत्व वाली जल सुरक्षा योजना तैयार करना।

vii. जल सुरक्षा योजनाओं के तहत प्रस्तावित आपूर्ति पक्ष और मांग पक्ष उपायों के कार्यान्वयन के लिए चालू/नई योजनाओं के माध्यम से 4600 करोड़ रुपये से अधिक की राशि को अभिसरित किया गया है।

viii. ड्रिप, स्प्रिंकलर, मल्चिंग, फसल विविधीकरण आदि सहित लगभग 5.4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कुशल जल उपयोग प्रथाओं के तहत लाया गया है।

ix. छब्बीस (26) जिलों में 813 ग्राम पंचायतों और 47 ब्लॉकों में जल स्तर में वृद्धि देखी गई है।

**(ख):** अटल भूजल योजना (अटल जल) के प्रारंभ में इसके अंतर्गत प्रत्येक राज्य को अनंतिम आबंटन राशि का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है:

| **राज्य/एनपीएमयू** | **सांकेतिक आवंटन (रुपए करोड़ में)** |
|---|---:|
| गुजरात | 756.76 |
| हरियाणा | 723.19 |
| कर्नाटक | 1201.52 |
| मध्य प्रदेश | 314.54 |
| महाराष्ट्र | 925.77 |
| राजस्थान | 1189.65 |
| उत्तर प्रदेश | 729.24 |
| राष्ट्रीय कार्यक्रम निगरानी इकाई | 159.33 |
| **कुल** | **6000.00** |

इस योजना की शुरुआत के बाद से राज्यों को कुल 3332.68 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। राज्य-वार वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में **तालिका-1** में दिया गया है। योजना की शुरुआत के बाद से राज्यों द्वारा कुल 2400.19 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया है। उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में **तालिका-2** में दिया गया है।

**(ग):** अटल भूजल योजना एक निर्धारित अवधि एवं परिव्यय के साथ सहभागी भूमि जल प्रबंधन के लिए एक प्रायोगिक परियोजना है। इस समय, परियोजना प्रभाव मूल्यांकन चरण में है।

*****

**अनुलग्नक**

**"अटल भूजल योजना" के संबंध में दिनांक 25.07.2024 को लोकसभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 498 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

**तालिका 1: पिछले पांच वर्षों के दौरान अटल भूजल योजना (अटल जल) के तहत राज्यों को वर्ष-वार वितरित की गई धनराशि**

(रुपए करोड़ में)

| **राज्य** | **वित्तीय वर्ष 2020-21** | **वित्तीय वर्ष 2021-22** | **वित्तीय वर्ष 2022-23** | **वित्तीय वर्ष 2023-24** | **वित्तीय वर्ष 2024-25 (17.07.2024 की स्थिति के अनुसार)** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 10.26 | 36.20 | 180.19 | 285.88 | 9.75 | 522.28 |
| हरियाणा | 20.80 | 32.15 | 163.42 | 489.62 | 11.75 | 717.74 |
| कर्नाटक | 21.52 | 73.62 | 303.51 | 406.86 | 14.00 | 819.51 |
| मध्य प्रदेश | 6.33 | 46.56 | 62.84 | 58.99 | 3.75 | 178.47 |
| महाराष्ट्र | 20.35 | 43.18 | 190.95 | 242.62 | 9.50 | 506.61 |
| राजस्थान | 22.05 | 46.35 | 171.76 | 144.62 | 4.75 | 389.53 |
| उत्तर प्रदेश | 7.69 | 32.33 | 65.84 | 92.67 | 0.00 | 198.53 |
| **कुल** | 109.00 | 310.39 | 1138.51 | 1721.26 | 53.50 | 3332.68 |

**तालिका 2: पिछले पांच वर्षों के दौरान अटल भूजल योजना (अटल जल) के तहत राज्यों द्वारा उपयोग की गई वर्ष-वार धनराशि**

(रुपए करोड़ में)

| **राज्य** | **वित्तीय वर्ष 2020-21** | **वित्तीय वर्ष 2021-22** | **वित्तीय वर्ष 2022-23** | **वित्तीय वर्ष 2023-24** | **वित्तीय वर्ष 2024-25 (17.07.2024 की स्थिति के अनुसार)** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 0.19 | 4.68 | 97.87 | 191.75 | 72.80 | 367.40 |
| हरियाणा | 0.00 | 8.26 | 84.03 | 283.03 | 38.33 | 413.72 |
| कर्नाटक | 4.96 | 27.03 | 88.00 | 494.20 | 38.94 | 654.10 |
| मध्य प्रदेश | 0.64 | 11.33 | 34.28 | 80.95 | 18.48 | 146.53 |
| महाराष्ट्र | 0.07 | 3.38 | 65.67 | 301.87 | 47.89 | 423.31 |
| राजस्थान | 0.00 | 7.55 | 73.89 | 154.71 | 18.11 | 254.42 |
| उत्तर प्रदेश | 0.19 | 6.97 | 42.68 | 85.16 | 4.52 | 140.71 |
| **कुल** | 6.05 | 69.20 | 486.42 | 1591.67 | 239.07 | 2400.19 |

*****